नवग्रह बाल वाटिका का किया शुभारंभ

विष्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल एवं प्रधानाचार्य डा. तुलसी प्रसाद भट्ट के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर, पंतनगर में नौ ग्रह बाल वाटिका का शुभारंभ किया गया। इसमें सरस्वती शिशु मंदिर के 18 छात्र-छात्राएं तथा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 22 विद्यार्थी और शिक्षकों ने प्रतिभा किया। अध्यनरत पोस्ट डॉक्टर फेलो (पी.डी.एफ) डा. पूनम एवं पर्यवेक्षक डा. छाया शुक्ला के द्वारा नवग्रह बाल वाटिका का संयोजन किया गया। इस नवग्रह वाटिका में नौ ग्रहों से संबंधित पौधों को लगाया गया, जिसमें सूर्य ग्रह के लिए आक (श्वेताक), चंद्रमा ग्रह के लिए पलाश, मंगल ग्रह के लिए खैर, बुद्ध ग्रह के लिए अपामार्ग, बृहस्पति ग्रह के लिए पीपल, शुक्र ग्रह के लिए गूलर, शनि ग्रह के लिए शमी, राहु ग्रह के लिए चंदन, केतु ग्रह के लिए कुश आदि का विद्यार्थियों ने रोपण किया, इसके साथ ही उनकी उपयोगिता देख-रेख व उनके ग्रहों से संबंधित जानकारी प्राप्त करी। डा. अल्का गोयल ने विद्यार्थियों को ग्रह के वैज्ञानिक, पौराणिक और ज्योतिषीय महत्व के बारे में बताया। सरस्वती शिशु मन्दिर के प्रधानाचार्य ने भी छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति, प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी प्रदान करी। इस दौरान प्रांजलि, मंथन, दीक्षा, दीपिका, हरीश, निशा, अनु, अमन, प्रिया, संध्या, प्रभात, सिमरन एवं स्कूल के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

ई.मेल चित्र सं. 5. छात्रों के साथ अधिकारी।